जाँच पत्र-2

(पाठ 11-19 पर आधारित)

कुल अंक 50

1. इन प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) गौरैया घर-आँगन तथा रसोईघर के अंदर आया-जाया करती है।

(ख) स्वामीनाथन के पिता जी ने कमरा देने के साथ-साथ उसे हिदायत दी कि चीज़ें उलट-पलट नहीं होनी चाहिए।

(ग) ऊटी के वनस्पति उद्यान में पेड़-पौधों की छह सौ से अधिक किस्में पाई जाती हैं। इस उद्यान में एक पेड़ के जीवाश्म सँभालकर रखे गए हैं। इसके बारे में कहा जाता है कि यह 2 करोड़ वर्ष पुराना है।

(घ) गणित का प्रारंभिक ज्ञान कठिन सवालों से छुटकारा दिला सकता है इसलिए इसका ठोस होना ज़रूरी है।

(ङ) आरुणि मेड़ के पास इस प्रकार लेट गया ताकि मेड़ की दरार उसकी पीठ से ढक जाए। ऐसा करते ही पानी का रिसाव रुक गया।

(च) इस पंक्ति से हमें यह संदेश मिलता है कि हमें भूत-प्रेत के नाम पर किसी के बहकावे में नहीं आना चाहिए। कहीं कोई भूत-प्रेत नहीं है सिर्फ़ इनसान के मन का वहम है।

2. इन पंक्तियों के अर्थ लिखिए–

(क) वर्षा के न आने से जंगल सूख गए हैं। हरियाली समाप्त हो गई है। तालाब सूखने लगे हैं पक्षियों को पानी नहीं मिलता तो परेशान हो गए हैं।

(ख) हिमालय से गंगा की सुंदर धारा निकलकर आगे चली जाती है। पर्वतों के बीच बहते झरने देश की सुंदरता बढ़ाते हैं। गंगा नदी हम सबकी प्यास बुझाती है।

3. पाठ के आधार पर बताइए कि ये वाक्य सही हैं या गलत–

(क) गलत (ख) सही (ग) सही (घ) सही (ङ) सही

4. इन वाक्यों में से निर्देशानुसार शब्दों को चुनकर लिखिए–

(क) आई (ख) खुशी (ग) कद्दू (घ) गहरा (ङ) हमें

5. उचित विकल्प चुनिए–

(क) (i) (ख) (ii) (ग) (iii) (घ) (ii) (ङ) (iii)

6. इन शब्दों से वाक्य बनाइए–

(क) आज वर्षा हो रही है। (ख) मेरा सच्चा मित्र मेरी मदद करता है।

(ग) कक्षा में प्रथम आने पर मुझे बहुत खुशी हुई। (घ) रेलगाड़ी में अनेक यात्री बैठे थे।

(ङ) गुरु जी ने शिष्य को बुलाया। (च) हिमालय एक ऊँचा पहाड़ है।